हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 20 मई 2024
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 उदयपुर के 59 ग्राम पंचायतों में जल-जीवन मिशन योजना फेल, लोगों को नहीं मिल रहा लाभ



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

चैतन्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस 6260864817 8461868812
ADMISSION OPEN 2024-25
BMLT 3 YEAR लैब टेक्निशियन डिग्री | CCH 1 YEAR
DMLT 2 YEAR लैब टेक्निशियन डिप्लोमा | Dialysis 2 YEAR डायलिसिस टेक्निशियन डिप्लोमा
Opthalmic 2 YEAR नेत्र सहायक डिप्लोमा | X-RAY 1 YEAR एक्स- रे टेक्निशियन
OT 1 YEAR ऑपरेशन थिएटर टेक्निशियन | MPHW 1 YEAR बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता
Dresser 1 YEAR ड्रेसर टेक्निशियन | OUR BRANCH अम्बिकापुर रायपुर बिलासपुर बस्तर

## पत्नी व ग्रामीणों ने किसी तरह भागकर बचाई जान

# ग्रामीणों के साथ तेंदूपत्ता एकत्र करने जंगल गए युवक को दंतैल ने मारा, शव को किया क्षत-विक्षत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/प्रतापपुर

सरगुजा वनवृत में हाथियों की संख्या बेहद कम होने के बावजूद ग्रामीणों की मौत का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है।

**खास बातें**
- पेड़ पर चढ़े ग्रामीण को दंतैल ने कुचला
- दहशत में प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण

रविवार को तेंदुपत्ता संग्रहण करने टुकुडांड जंगल में गए ग्रामीण का दंतैल से सामना हो गया। हमले में दंतैल ने ग्रामीण को मारने के बाद उसके शव को क्षत-विक्षत कर दिया। इसे वन अमले की लापरवाही कहें या फिर ग्रामीणों का अति उत्साह या नासमझी कि जंगल में हाथियों के मौजूद होने के बावजूद ग्रामीण अपनी जान हथेली पर लेकर तेंदूपत्ता एकत्र करने बेधड़क होकर जंगल जा रहे हैं तथा अपनी जान गवां रहे हैं। पिछले दो दिन से टुकुडांड जंगल में दो दंतैल भ्रमण कर वन अधिकारी प्रभावित गांवों में लगातार मुनादी करा ग्रामीणों को तेंदूपत्ता एकत्र करने जंगल में नहीं जाने की सूचना देने का दावा कर रहे है इसके बावजूद ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर तेंदूपत्ता एकत्र करने जंगल जा रहे हैं। शनिवार को ग्राम चिटकाबहरा गणेशपुर निवासी रामकुमार पिता जूठन (62वर्ष) अपनी पत्नी एवं आठ ग्रामीणों के साथ सुबह 6 बजे तेंदूपत्ता एकत्र करने टुकुडांड जंगल के कक्ष क्रमांक 43 में पहुंचा था। अचानक दंतैल को सामने देखकर ग्रामीण अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान रामकुमार की पत्नी सहित अन्य ग्रामीण किसी तरह जंगल के बाहर भाग निकले जबकि रामकुमार पास के पेड़ पर चढ़ गया। सुबह 11:30 बजे ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को सूचना दी कि जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए एक ग्रामीण की जानकारी नहीं मिल रही है तथा वह अभी तक घर नहीं लौटा है। सूचना पर वन अधिकारी पूरी टीम के साथ पहुंचे तथा काफी खोजबीन के बाद दोपहर दो बजे रामकुमार का क्षत विक्षत शव बरामद किया। अनुमान लगाया जा रहा है कि दंतैल द्वारा पेड़ को बार-बार धक्का देने के कारण अथवा भय से रामकुमार पेड़ से नीचे गिर गया होगा। इस दौरान आक्रोशित दंतैल ने उसे कुचलने के बाद उसके अंगों को सूंड से उखाड़कर इधर-उधर बिखेर दिया होगा। घटना स्थल पर पहुंचे वनकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से मृतक के अंगों को एकत्र किया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाकर शव का पीएम कराया। वन कर्मियों ने मृतक के घर जाकर परिजन को ढांढस बंधाया तथा 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की। परिवार के वरिष्ठ सदस्य की मौत होने के कारण परिवार के सदस्य शोकग्रस्त थे सभी विलाप कर रहे थे।



मृतक के परिजन को सहायताराशि देते वनकर्मी।

### एक सप्ताह के भीतर दो मौतें

हाथियों से हो रही ग्रामीणों की मौत को लेकर वन अमला काफी सतर्कता बरत रहा है। शासन की सख्ती के कारण वन अधिकारी प्रभावित क्षेत्र में लगातार मुनादी करा ग्रामीणों को तेन्दूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल की ओर नहीं जाने के लिए सुबह-शाम सतर्क करने के साथ ही नियमित हाथियों की निगरानी करने एवं ग्रामीणों को समझाइश देने का दावा कर रहे हैं। इन दावों के बावजूद क्षेत्र में हाथियों के हमले में लगातार ग्रामीणों की मौत हो रही है। इसके पूर्व पिछले रविवार को ग्राम खड़गवांकला में हाथियों के हमले में एक महिला की मौत हुई थी। हाथियों द्वारा तोड़फोड़ मचाने पर घर में अकेली रह रही महिला भयभीत होकर अपनी जान बचाने के उद्देश्य से बाहर निकलकर बस्ती की ओर भागने के दौरान हाथियों की चपेट में आ गई थी। घटना के पूर्व वन अमले ने ग्रामीणों को जंगल में दंतैल के मौजूद होने की सूचना दी थी।

### मौजूद हैं दो दंतैल

हाथियों की मौजूदगी के मामले में बेहद संवेदनशील माने जाने वाले वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में सालोभर 30-40 हाथी मौजूद रहते थे। अधिकांश हाथियों के तमोर पिंगला अभ्यारण्य में पहुंचने के कारण हाथियों की संख्या घटकर 2 पहुंच गई है इसके बावजूद मौत की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। दल में भ्रमण करने वाले हाथी अपने रहवास क्षेत्र में अधिक समय गुजारते हैं जबकि लोनर हाथी मनमौजी तरीके से रातोंरात एक जंगल से दूसरे जंगल में पहुंच जाते हैं। ऐसे में वन अमले को हाथियों के भ्रमण की जानकारी विलम्ब से मिलती है तथा ग्रामीणों को भी हाथियों के मौजूदगी की सूचना समय पर नहीं मिल पाती जिसके कारण दुर्घटनाएं होने की संभावना अधिक रहती है। हालांकि रविवार को वन अमले द्वारा हाथियों के जंगल में मौजूद होने की सूचना देने के बावजूद ग्रामीण जंगल की ओर चले गए थे।

### तेंदूपत्ता कमाई का बड़ा जरिया

तेंदूपत्ता वनवासियों की कमाई का मुख्य जरिया है। प्रदेश सरकार द्वारा तेंदूपत्ता के दरों में वृद्धि करने के कारण अधिक कमाई करने के उद्देश्य से संग्राहक परिवारों में भारी उत्साह है तथा संग्राहक पूरी ताकत लगाकर अधिक से अधिक तेंदूपत्ता संग्रह करने का प्रयास कर रहे हैं। रविवार को हुई घटना के पीछे इसी उद्देश्य को प्रमुख कारण बताया जा रहा है। इस बार मौसम में उलटफेर होने के कारण 10 मई से तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारम्भ की गई। मई के अंत तक खरीदी जारी रहने के कारण संग्राहक कोई भी अवसर नहीं छोड़कर लगातार पत्ता संग्रहण करने की सोच के कारण भारी खतरे के बीच जंगल जा रहे हैं।

### किया जा रहा जागरूक

हाथियों की मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों को लगातार जागरूक किया जा रहा है साथ ही सुबह- शाम मुनादी करा जंगल में जाने से मना किया जा रहा है। ग्राम चिटका बहरा में भी मुनादी कराई थी इसके बावजूद ग्रामीण जंगल में चले गए थे।

**-आशुतोष भगत**
उपवन मण्डलाधिकारी, प्रतापपुर

## खबर संक्षेप

### आज से सद्भावना ग्राम तकिया में शुरू होगा तीन दिवसीय उर्स

**अंबिकापुर।** सद्भावना ग्राम तकिया में हजरत बाबा मुराद शाह, हजरत बाबा मोहब्बत शाह का सालाना उर्स सोमवार से शुरू हो रहा है। तीन दिवसीय उर्स की शुरुवात संदल चादर के साथ की जाएगी। बता दें कि सद्भावना ग्राम तकिया में होने वाले सालाना उर्स के तहत 20 मई को संदल चादर के साथ शाम को जामा मस्जिद से जुलूस निकाली जाएगी। जुलूस के बाद रात को तकिया मजार में चादरपोशी व फ़ातिहख़ानी होगी। वहीं 20 व 21 मई को कव्वाली का मुकाबला होगा। इस बार उर्स में के दौरान 21 मई को मुंबई के मशहूर कव्वाल वसीम शाबरी व रानी वारसी के बीच मुकाबला होगा जबकि 22 मई को अंतिम दिन मुंबई के कव्वाल जुनैद सुल्तानी व कव्वाला रानी वारसी के बीच कव्वाली का मुकाबला होगा। उर्स को लेकर आयोजन कमेटी द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई। तकिया मजार परिसर में बड़ी संख्या में दुकानें लगाई गई जबकि आवागमन के दौरान चार पहिया व दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की अलग अलग व्यवस्था की गई है।

### घर के बाहर से बाइक चोरी, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** बलरामपुर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार झारखंड के पांकी निवासी 28 वर्षीय विकास कुमार गोस्वामी आ. स्व. राम औतार गोस्वामी बलरामपुर स्टेट बैंक के बगल में किराए के मकान में रहता है और महामाया कंसल्टेंसी फायनेंस कंपनी में काम करता है। युवक ने 17 मई को अपनी बाइक जेएच 03 जेड 6968 को किराए के घर के बाहर खड़ी कर रात आठ बजे सोने चला गया। अगली सुबह जब युवक काम पर जाने के लिए निकला तो उसकी बाइक गायब थी। ऐसे में युवक ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस द्वारा मामले में धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

# अनुभवहीन नर्सिंग स्टाफ के कारण खतरे में पड़ी युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सड़क दुर्घटना के बाद पहुंचा था उपचार कराने, लगाया गया गलत तरीके से इंजेक्शन

सूरजपुर जिले में संचालित निजी क्लिनिक-हॉस्पिटल की लापरवाही व मनमानी बढ़ गई है। प्रबंधन द्वारा अनुभवहीन नर्सिंग स्टाफ के भरोसे अस्पताल का संचालन किया जा रहा है जो मरीजों की जान से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे है। अस्पताल प्रबंधन की ऐसी ही लापरवाही का एक मामला सामने आया है जिसमें नर्स द्वारा हाई एंटीबायोटिक व टीटी का इंजेक्शन मरीज को नस के जरिए 20 सेकेंड के अंदर लगा दिया गया। इंजेक्शन लगने के साथ ही युवक का बीपी डाउन होने के साथ ही वह बेहोश हो गया। इस लापरवाही के कारण युवक की जान खतरे में पड़ गई थी। बताया जा रहा है कि सूरजपुर निवासी एक युवक 14 मई को ऑफिस जाते समय बाइक दुर्घटना का शिकार हो गया था। युवक के बाएं हाथ की अनामिका उंगली में चोट आई थी जिसके बाद वह उपचार के लिए जिला अस्पताल सूरजपुर पहुंचा जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर मौजूद थे। ऐसे में युवक ने जब चिकित्सक से जांच कराई तो उसने युवक को एक्स रे कराने की सलाह दी। युवक ने जिला अस्पताल में एक्स रे कराया तो उसकी रिपोर्ट साफ नजर नहीं आई ऐसे में चिकित्सक ने पुनः युवक को बाहर से डिजिटल एक्स रे कराने की सलाह दी। ऐसे युवक बाहर एक्स रे कराने के लिए चला गया और जब तक वह एक्स रे रिपोर्ट लेकर आया तो डॉक्टर जिला अस्पताल से जा चुके थे। युवक अपनी रिपोर्ट दिखाने के लिए चिकित्सक के पास नगर के लाइफ केयर हॉस्पिटल चला गया जहां चिकित्सक ने रिपोर्ट देखकर फ्रैक्चर होने की जानकारी दी। इसके साथ ही युवक को ऑपरेशन कर हाथ में के-वायर डालने की सलाह दी गई। ऑपरेशन से पहले अस्पताल में डॉक्टर के कहने पर नर्स ने दो इंजेक्शन युवक के नस में लगाया गया लेकिन इंजेक्शन लगने के बाद युवक का बीपी काफी तेजी से नीचे चला गया और युवक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा जिसके बाद परिजन में हड़कंप मच गया। युवक को ऑपरेशन से पहले टीटी व एक सिफेक्सिम इंजेक्शन दिया गया था। वहीं इस मामले में विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि एंटीबायोटिक को 15 से 20 मिनट का समय लेकर नस में आराम से लगाया जाता है लेकिन नर्स ने इंजेक्शन को 15 से 20 सेकेंड में ही नस में लगा दिया। इसके साथ ही नर्स ने टीटी का इंजेक्शन भी नस में लगाया गया जबकि टीटी का इंजेक्शन एक प्रकार का वैक्सीन है जिसे सिर्फ मांसपेशियों में ही लगाया जाता है और इसकी जानकारी हर स्वास्थ्यकर्मी को होती है लेकिन लापरवाही के कारण नर्स ने उसे टीटी का इंजेक्शन भी नस में लगा दिया। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार टीटी इंजेक्शन नस में लगाने से मरीज की मौत भी हो जाती है। ऐसे में चिकित्सक व नर्स सिर्फ कमाई के लिए मरीज की जान से खिलवाड़ कर रहे है।




### बिल देने में आनाकानी

निजी अस्पताल में मरीजों से उपचार के नाम पर भारी भरकम राशि वसूली जा रही है लेकिन अस्पताल प्रबंधन लोगों को बिल देने में आना कानी कर रहे है। बताया जा रहा है कि बेहोश होने के बाद जब युवक के परिजन उसे यह शासकीय अस्पताल ले जाने लगे और अस्पताल प्रबंधन से बिल मांगा प्रबंधन द्वारा द्वारा बिल देने से भी इनकार कर दिया गया। परिजन द्वारा इस बात को लेकर नाराजगी जाहिर की गई जिसके बाद अस्पताल से उन्हें कच्चा बिल दिया गया।

### की जाएगी जांच

मामले की जानकारी मिली थी, शिकायत मिलने पर जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. आरएस सिंह, सीएमएचओ

# कर्नाटक में बंधक बनाए गए श्रमिकों को कराया गया मुक्त

- सकुशल वापस लौटे अपने घर

**सीतापुर।** कर्नाटक में बंधक बनाए चार ग्रामीण सकुशल अपने घर लौट आए है। ग्रामीणों को बंधक बनाकर काम कराया जा रहा था और उन्हें तय की गई मजदूरी का भुगतान भी नहीं किया जा रहा था। ऐसे में उन्होंने विधायक रामकुमार टोप्पो से मदद की गुहार लगाई थी। मामला प्रकाश में आने के बाद जिला प्रशासन की पहल पर ग्रामीणों को मुक्त कराया गया और अब वे अपने घर लौट आए है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाले राकेश, विजय, सागर, शिवचरण को मैनपाट का ही एले नामक व्यक्ति ज्यादा मजदूरी मिलने के नाम पर अपने साथ ले गया था। ग्रामीण भी अधिक मजदूरी मिलने की लालच में आकर दलाल के साथ कर्नाटक चले गए थे। ग्रामीण कर्नाटक के कुसल नगर बेला कुपा में श्रमिक के रूप में कार्य कर रहे थे लेकिन कर्नाटक में उन्हें निर्धारित राशि से कम मजदूरी भुगतान किया जा रहा था इसके साथ ही जब उन्होंने घर वापस लौटने की बात कही तो मालिक ने घर जाने से रोक दिया गया और जबरन बंधक बनाकर उनसे काम कराया जा रहा था। इस दौरान ग्राम कोट कापापारा थाना सीतापुर निवासी राकेश ने किसी तरह अपने बड़े भाई संतोष कुमार से संपर्क किया और घर वापस आने में आ रही कठिनाई से अवगत कराया। जिसपर संतोष ने प्रशासन से संपर्क कर किया और उन्होंने ग्रामीणों के सुरक्षित घर वापसी के सम्बन्ध में आवेदन दिया। शिकायत के बाद मामले को कलेक्टर ने गंभीरता से लिया और प्रशासनिक टीम को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जिसपर अमल करते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन की टीम के संयुक्त प्रयास से मात्र 4 दिवस के भीतर ग्रामीणों को ठेकेदार के चंगुल से मुक्त कराया गया और रविवार को सभी ग्रामीण सुरक्षित अपने घर पहुंच चुके हैं। अपने घर लौटने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।



### चोरों ने घर के सामने से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार ग्राम चठिरमा निवासी खगेश राम राजवाड़े आ. रामजतन राजवाड़े राजेन्द्रनगर लकड़पारा में वीर सिंह के किराए के मकान में भोजन बनाने का काम करता है। गुरूवार को बाइक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 3583 से भोजन बनाने लकड़ा पारा आया था। युवक बाइक को घर के सामने खड़ा कर भोजन बनाने चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# हज पर जाने वाले लोगों का किया गया टीकाकरण, दिया गया किट

**अंबिकापुर।** मुस्लिम समाज के सबसे पवित्र धार्मिक स्थल मक्का मदीना में हज के लिए इस बार सरगुजा से बड़ी संख्या में हाजी जाएंगे। सरगुजा अंचल से 86 लोगों का चयन हज यात्रा के लिए किया है। इस दौरान हज पर जाने से पहले यात्रियों के लिए टीकाकरण शिविर व किट वितरण का आयोजन किया गया। बता दें कि मुस्लिम समाज के प्रमुख व पवित्र धर्म स्थल मक्का मदीना में हज के लिए बड़ी संख्या में लोगों के जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के सदस्य मोहम्मद इमरान ने बताया कि वर्ष 2024 में सरगुजा संभाग से हज यात्री दूसरे चरण में मुम्बई व नागपुर से हज के लिए रवाना होंगे। इसके पूर्व हज यात्रियों के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हज यात्रियों को स्वास्थय संबंधित सावधानियों से भी अवगत कराया गया। शिविर में राज्य हज कमेटी के माध्यम से जिला सरगुजा, कोरिया, एमसीबी, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर एवं प्राइवेट टूर्स से जाने वाले 86 हज यात्रियों का टीकाकरण संपन्न हुआ। इसके साथ ही उन्हें हज यात्रा किट प्रदान किया गया। हज यात्रियों के टीकाकरण का सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता, डॉ. जेके रेलवानी, डॉ. अमीन फिरदौसी, राजिक अहमद, जावेद अख्तर, इकबाल अंसारी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा दल द्वारा किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम, अल्पसंख्यक विभाग जिला कांग्रेस अध्यक्ष रशीद अहमद अंसारी, जिलानी खान, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक वसीम अंसारी, रशीद खान, रियाजुल हक, पार्षद नुजहत फातिमा, रूही गज़ाला, मो. कलीम अंसारी, बाबर इदरीसी, काजू खान, हाजी यासीन साहब, सलीम अंसारी, मो. इमरान, शमीम अंसारी, मो. आबिद, पप्पू, रियाज अंसारी, सईद भाई, अजीम खान, शमीम आदि मौजूद थे।



## लोगों को गुलाब का फूल देकर किया गया सफाई के प्रति जागरूक, एक पिकअप कचरा भेजा गया गार्बेज कैफे

# पर्यटन स्थल मैनपाट में युवाओं ने चलाया सफाई अभियान, पीटीएस जवान भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के शिमला कहे जाने वाले पर्यटन स्थल मैनपाट में क्षेत्र के युवाओं और पीटीएस के जवानों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मैनपाट घूमने आए पर्यटकों को गुलाब का फूल देकर स्वच्छता अभियान में साथ देने व गंदगी नहीं फैलाने का आह्वान किया गया। इसके साथ ही संयुक्त टीम ने मैनपाट के टाइगर प्वाइंट से एक पिकअप कचरा एकत्रित कर उसे गार्बेज कैफे भेजा गया। टीम का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। बता दें कि मैनपाट पर्यटन के साथ ही साथ दर्शनीय स्थल भी है। प्राकृतिक सौंदर्यता से परिपूर्ण मैनपाट पर्यटकों की पहली पसंद है लेकिन मैनपाट में आने वाले सैलानी घूमने फिरने के साथ ही पर्यटन स्थलों पर गंदगी भी फैला रहे है। सैलानी मैनपाट में घूमने के।दौरान शराब पीते है और कांच की बोतल, डिस्पोजल गिलास-प्लेट व अन्य कचरा वहीं छोड़ देते है। इस लापरवाही के कारण मैनपाट की खूबसूरती पर असर पड़ रहा है। यही वजह है कि मैनपाट के युवाओं ने पर्यटन स्थलों की साफ सफाई का बीड़ा उठाया है और कचरा साफ करने के साथ ही सैलानियों को जागरूक कर रहे है। मैनपाट युवा टीम के इस अभियान में पीटीएस की टीम भी शामिल हो गई है। रविवार को पुनः टाइगर प्वाइंट में सफाई अभियान चलाया गया। पीटीएस एसपी सचिन्द्र चौबे के नेतृत्व में पीटीएस के जवान, मैनपाट आईटीआई के छात्र व टाइगर पॉइंट में कार्यरत महिला समूह की महिलाओं ने सभी 3 घंटे श्रमदान किया और टाइगर पॉइंट में फैले कचरों को एकत्रित कर गार्बेज कैफे अंबिकापुर भेजा। टीम द्वारा एक ही स्थान से एक पिकअप कचरा एकत्रित किया गया। इस दौरान युवा टीम के सदस्य कमलेश सिंह ने कहा कि मैनपाट को प्रकृति ने बहुत कुछ दिया है। इसे स्वस्थ एवं सुंदर बनाये रहने के लिए जरूरी है गंदगी कम करें और यह सब सबके जागरूकता से ही सम्भव है। हमारा अभियान साफ सफाई के साथ लोगों को जागरूक करना भी है ताकि समस्या का स्थायी समाधान निकल जाए। टीम के ही सदस्य दीपांशु गुप्ता ने बताया कि हमारी कोशिश है प्रत्येक रविवार को मैनपाट के पर्यटन स्थलों की साफ सफाई कर पर्यटकों व स्थानीय लोगों तक यह संदेश पहुंचाना की स्वच्छता सभी की जिम्मेदारी है और सभी के सहयोग से ही मैनपाट को स्वच्छ रख सकते हैं। कार्यक्रम में मैनपाट यूथ टीम से विशाल सिंह, हिमांशु यादव, विनय सागर, रामकृष्ण सिंह,अमित सिन्हा, राकेश यादव, मनीष पोर्ते, समर चौबे, देव नामदेव, सुखसागर चौहान, पीटीएस से सीडीआई रोशन दहल के नेतृत्व में संजय यादव, कीर्ति प्रताप, पप्पू सिंह सहित अन्य जवान उपस्थित रहे।



### गंदगी ना फैलाने का आह्वान

आज अभियान के दौरान युवाओं ने मैनपाट आए सैलानियों को गुलाब का फूल देकर स्वच्छता अभियान में साथ देने व कचरा नहीं फैलाने का आह्वान किया। टीम ने लोगों को गुलाब का फूल देकर कहा कि पर्यटन स्थलों में स्वच्छता का विशेष ध्यान दें। मैनपाट की खूबसूरती में कचरा फैला दाग न लगाएं। प्लास्टिक का उपयोग कम करें व कचरे का निस्तारण सही तरीके से करें। अभियान के दौरान एकत्रित किए गए एक पिकअप कचरा को गार्बेज कैफे को दिया जाएगा।

# युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

युवती को शादी का झांसा देकर अपहरण व दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर के केरजु चौकी क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली युवती 25 अप्रैल को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी ऐसे परिजन की शिकायत की पर पुलिस टीम द्वारा युवती की तलाश की जा रही थी। 13 मई को युवती खुद अपने घर लौट आई थी। इस दौरान जब युवती से परिजन ने पूछताछ की तो उसने बताया कि पत्थलगांव निवासी देवराज सेठी उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ भगाकर ले गया और जंगल में उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान युवक लगातार युवती को अलग अलग स्थान पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन ने 19 मई को घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर पत्थलगांव शेखरपुर निवासी 21 वर्षीय देवराज सेठी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में आरोपी को धारा 366, 376 (2)(ढ) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी केरजू आरएन पटेल, प्रधान आरक्षक तीजलाल पैकरा, महिला आरक्षक पुष्पा लकड़ा, आरक्षक महेन्द्र नाग शामिल रहे।



**क्राइम फाइल**

### हज पर जाने वाले जायरीनों का किया जाएगा सम्मानः हाजी अखलाक



**कोरबा।** हज यात्रा में जाने वाले जायरीनों का सुन्नी मुस्लिम जमात के तरफ से इस्तेकबालिया सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। सम्मान समारोह 21 मई की दोपहर 12 बजे से जामा मस्जिद कोरबा में किया जाएगा। सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर हाजी अखलाक की ओर से हर साल की तरह इस साल भी हज पर जाने वाले यात्रियों को एहराम, तस्बीह व किताब दिया जाएगा व लोगों हज की जानकारी दी जाएगी। सुन्नी मुस्लिम जमात सरपरस्त कारी सैय्यद शब्बीर अहमद असरफी ने बताया कि साल 628 में पैगंबर मोहम्मद साहब ने अपने 1400 अनुयायियों के साथ एक यात्रा शुरू की थी। ये यात्रा ही इस्लाम की पहली तीर्थयात्रा बनी जिसे बाद में हज कहा गया। हर साल दुनियाभर से सभी मुस्लिम सऊदी अरब हज के लिए पहुंचते हैं। हज में पांच दिन लगते हैं और ये बकरीद यानी ईद उल अज़हा के नमाज़ और कुर्बानी के बाद पूरी होती है।

### लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहा छात्र स्वास्थ्य मंत्री से लगाई मदद की गुहार



**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल पाली के कक्षा 5वीं के छात्र प्रियांशु 10 वर्ष लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। उनका इलाज पहले एम्स रायपुर में चल रहा था, लेकिन अब उन्हें गहन चिकित्सा के लिए एम्स दिल्ली रेफर किया गया है। परिवार की मुश्किलें-प्रियांशु के पिता का निधन हो चुका है और उनकी माँ रोज़ी-मज़दूरी करके परिवार का पालन-पोषण करती हैं। इलाज के लिए अब तक कर्ज और जमापूंजी खर्च कर चुके हैं। आगे के इलाज के लिए धन की भारी आवश्यकता है। मदद की अपील-प्रियांशु के जीवन बचाने के लिए क्षेत्रवासियों से आर्थिक सहयोग की अपील की है।

### तालाब में तैरती मिली युवक की लाश, मर्ग कायम

**कोरबा।** बालको थाना अंतर्गत के रिसदा भदरापारा तालाब में एक युवक लाश मिली हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। युवक के शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने मर्ग पंचनामा की कार्वाई कर लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक का नाम महेंद्र पाल सिंह बताया जा रहा हैं। जो नहाने के लिए तालाब की तरफ गया था। आशंका जताई जा रही हैं की वह नहाने के दौरान पानी में अधिक गहराई मे चला गया होगा,जिससे उसकी मृत्यु हो गई होंगी। वही मृतक की मां ने बताया कि वह सुबह उठकर नहाने जाने की तैयारी में जुट गया। कपड़े धोने की बात कहते हुए पहले वह पास स्थित दुकान में गया। उसके बाद उसे उसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं मिली। पड़ोसियों ने आकर बताया कि वह तालाब में डूब गया है।पुलिस घटनाक्रम की जानकारी ले परिजनों का बयान दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही हैं।

### प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए लॉटरी और आबंटन कल से

**कोरबा।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्राइवेट स्कूलों में आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन और भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में लॉटरी एवं आबंटन की कार्यवाही 20 मई से 30 मई तक की जाएगी। इसके बाद स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से 30 जून तक चलेगी। आरटीई के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही के लिए निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार द्वितीय चरण के लिए नये स्कूल पंजीयन आवेदन और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन कार्य 15 जून से 30 जून तक किया जाएगा। वहीं छात्र पंजीयन आवेदन 1 जुलाई से 8 जुलाई तक होगा। इसके बाद नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 9 जुलाई से 15 जुलाई तक की जाएगी। लॉटरी एवं आबंटन का कार्य 17 जुलाई से 20 जुलाई तक किया जाएगा। इसके बाद स्कूल में दाखिला की प्रक्रिया 22 जुलाई से 31 जुलाई तक की जाएगी। वर्ष 2023-24 के लिए ऑनलाईन दावा प्रक्रिया 1 अगस्त से 30 अगस्त तक किया जा सकेगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों, संभागीय शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है, कि आरटीई अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने संबंध में अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत नोडल अधिकारी की जानकारी, क्षेत्र का निर्धारण और मान्यता संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए।

## रूंगटा कंपनी के वाहन चालकों ने किया गेवरा जीएम दफ्तर का घेराव

# प्रतिमाह 25 हजार का वादा और अब काम कराने के बाद बदला इरादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी रूंगटा के कर्मियों ने काम बंद कर जीएम कार्यालय का घेराव कर दिया। ठेका श्रमिकों का आरोप है कि रूंगटा कंपनी अपने वर्करों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दर पर वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। कंपनी द्वारा आधा वेतन खाते में और शेष राशि नगद दी जा रही है। 25 हजार प्रतिमाह के वादे के विपरीत वेतन भी कम दिया जा रहा है।

एसईसीएल गेवरा प्रबंधन से वेतन विसंगति को लेकर शिकायत भी की गई है। बावजूद इसके प्रबंधन चुप्पी साध रखी है। यही वजह है कि आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने मोर्चा खोल दिया और शनिवार को वाहन चालकों ने अपनी मांगों को लेकर एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर दिया। चालकों ने बताया कि काफी लंबे समय से रूंगटा कंपनी में काम कर रहे हैं। इसकी चार और कंपनियां हैं, जो कोयला उत्खनन का काम करती है। सभी कंपनी में अलग-अलग कर्मचारी हैं, जिनका वेतन अलग-अलग है। ऐसे में समान वेतन सबको नहीं मिल पा रहा है और न हीं उनको ईएसआईसी जैसी कोई मेडिकल सुविधा मिल पा रही है। उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि रूंगटा कंपनी खदान के भीतर कोयले का खनन काम करती है। ठेका कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से खदान के भीतर उत्खनन का काम पूरी तरह से ठप हो गया है। खदान के भीतर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। उनका यह भी आरोप है कि उनका जो पीएफ काटा जा रहा है, वह भी अधिक है।



जीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते रूंगटा कंपनी के ठेका श्रमिक।

**18 सौ की बजाय पीएफ में 36 सौ कटौती**

ठेका श्रमिकों ने आरोप लगाया है कि उनका जो पीएफ काटा जा रहा है, वह भी अधिक है। कायदे से 18 सौ रूपए प्रतिमाह कटना चाहिए पर 36 सौ रूपए की दोगुनी राशि काट ली जाती है। पूछने पर कहते हैं कि सरकार के नियम के अनुसार ही कटौती की जा रही है। किसी को 15 हजार तो किसी को 18 हजार वेतन दिया जाता है। इसके पहले भी कंपनी के ठेका श्रमिकों ने मार्च 2024 में कोल माइंस अधिनियम, समान वेतन और मेडिकल की सुविधा दिए जाने की मांग को लेकर पहले दो खदान में काम बंद कर दिया, फिर गेवरा सीजीएम कार्यालय के सामने धरना दिया था अब चालकों ने मोर्चा खोल दिया है

# भालू के हमले से दो महिला गंभीर रूप से घायल



घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टापरा के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं पर भालू ने हमला कर दिया। जंगल में दो भालू के हमले में महिलाए गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण महिलाएं तेंदुपत्ता तोड़ने के लिए जंगल की ओर गयी थी। इसी बीच एकाएक भालुओं ने उन पर हमला कर दिया, उक्त भिडंत में महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई है। बताया जा रहा हैं की हमले में चंद्रमति कंवर नामक महिला निवासी ग्राम टापरा के दोनों पैर में भालुओं ने गहरे घाव कर दिए है। वहीं अन्य महिला फूल कुंवर नामक महिला के बाएं जांघ में हमला किया है। पूरे घटना की सुचना ग्रामीणों द्वारा डायल 112 को दी गई, जिसके बाद मौके पर त्वरित रूप से आरक्षक रोहित पाटले 262 एवं चालक पुर्णेश गवेल ने पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल के लिए रवाना किया जहां घायलों का उपचार जारी है।

# एसईसीएल कर्मी के मकान में चोरी



चोरी के बाद घर में बिखरा सामान।



खोजी डाग की मदद लेते पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में सतनाम चौराहा के पास एक मकान का ताला तोड़कर चोरों ने आभूषण और नगदी रकम पार कर दी। वैवाहिक समारोह से लौटने पर एसईसीएल कर्मी को इसकी जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मौके का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक एसईसीएल में राममिलन यादव कार्यरत हैं जो अपने परिवार के साथ मानिकपुर क्षेत्र के सतनाम चौराहा के पास निवास करते हैं। उसके रिश्तेदार के यहां वैवाहिक कार्यक्रम था। राममिलन यादव ने बताया कि शुक्रवार की रात अपने परिवार के साथ शादी कार्यक्रम में ग्राम कनकी भादा गए हुए थे। शनिवार की सुबह पड़ोसियों ने फोन कर जानकारी दी कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। जब घर जाकर देखा तो अंदर के चारों कमरे का ताला टूटा हुआ था। किचन भी खुला हुआ मिला। लगभग ढाई लाख का सोना-चांदी समेत नगदी की चोरी हुई है। एसईसीएल कर्मी राममिलन ने बताया कि दो अलमारी से लगभग ढाई लाख का सोना-चांदी समेत नगदी रकम लेकर गए हैं। चोरों ने तीन लाख का माल पार कर दिया है। मौके से 370 ग्राम चांदी के आभूषण और लगभग 10 ग्राम सोने के आभूषण के अलावा 10 हजार नगद भी चोरों के द्वारा चोरी किए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस प्रभारी अमर जायसवाल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और जांच कार्रवाई शुरू की। परिजनों से पूछताछ करने के बाद चोरों को पकड़ने डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया। मानिकपुर चौकी पुलिस इस मामले में जल्द ही आरोपियों तक पहुंचाने की बात कह रही है।संदेह के आधार पर कुछ युवकों को हिरासत में लिया। मानिकपुर चौकी पुलिस प्रभारी अमर जायसवाल ने बताया कि डॉग बाघा ने पड़ोसी के घर से होते हुए आसपास मोहल्ले में गया, जिससे आसपास और बस्ती में रहने वाले कुछ युवकों पर संदेह है। संदेह के आधार परकुछ युवकों को पकड़ा गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

**खास बात**

- शादी में शामिल होने कनकी गया था परिवार, मानिकपुर चौकी क्षेत्र क मामला

# हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छुरी कटघोरा मार्ग पर एक वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर दुर्घटाकारित वाहन चालक की पतासाजी शुरु कर दी है।

छुरी निवासी केशव चौहान अपनी बाइक में सवार होकर कटघोरा की तरफ जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात हाइवा चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल होने के बाद केशव चौहान को उपचार के लिए कटघोरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया, बावजूद इसके उसकी जान नहीं बच सकी। मर्ग पंचनामा की कार्वाई कर पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध कायम कर उसकी तलाश की जा रही है।

**खास बात**

- कटघोरा छुरी मार्ग पर हुआ हादसा



मृतक केशव चौहान।

### अनियंत्रित कार शटर तोड़ते हुए घुसी घर में, चालक घायल

**कोरबा।** उरगा थाना अंतर्गत पहंदा गांव में एक तेज रफ्तार कार घर का शटर तोड़ते हुए भीतर जा घुसा। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई। घर राजू कुर्रे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है,कि कार को एक विकलांग चला रहा था, जिसने कार से अपना नियंत्रण खो दिया और हादसा हो गया। हादसे में विकलांक चालक को चोट लगी है, जिसे स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती करवाया है। वहीं हादसे के दौरान घर पर मौजूद बाइक को नुकसान पहुंचा है।

### नाले में गिरा ट्रक, बाल बाल बचा चालक

**कोरबा।** कुसमुंडा के लक्ष्मण नाले के पास एक सड़क हादसा हुआ है, जहां एक खाली ट्रक सड़क से उतरकर नाले में जा गिरा। हादसे का सुखद पहलु यह रहा, कि ट्रक सड़क के दांयी और नहीं पलटा नहीं तो कई कच्चे और पक्के मकान उसकी चपेट में आ सकते थे। बताया जा रहा है, कि ट्रक चालक शॉर्टकट के चक्कर में कच्ची सड़क पर आ गया, जहां से दोपहिया वाहन होकर गुजरते है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को कड़ी फटकार लगाई। ऐसे चालकों के खिलाफ पुलिस को सख्ती से पेश आना चाहिए,ताकी गलत रास्ता चुनने से पहले चालक सौ बार सोचे।

# शादी से पहले ही दूल्हा पहुंचा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी प्रेमिका को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले प्रेमी को किसी दूसरी लड़की से विवाह रचाना महंगा पड़ गया। जैसे ही प्रेमिका को इस बात की भनक लगी कि उसका प्रेमी धोखा देकर किसी अन्य युवती से विवाह कर रहा है उसने पुलिस से शिकायत कर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया।

सक्ती निवासी नंदलाल निषाद का विवाह रायगढ निवासी एक युवती से होने जा रहा था। इसी बीच नंदलाल की प्रेमिका को इसकी जानकारी हुई कि उसका प्रेमी किसी अन्य युवती से विवाह रचाने जा रहा है। इसके बाद वह युवती सिविल लाईन थाना रामपुर पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की। इसके बाद शादी का झांसा देकर युवती के साथ दैहिक शोषण करने के बाद किसी दूसरी युवती के साथ विवाह रचाने जा रहे युवक को सीविल लाईन पुलिस ने सक्ती के डभरा से गिरफ्तार किया।



आरोपी युवक।

आरोपी नंदलाल निषाद जिसकी बारात शनिवार को रायगढ़ के लिए निकलने ही वाली थी, इस बीच पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस सक्ती पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 376 का अपराध कायम किया गया है।

**खास बात**

- शादी का झांसा देकर युवती के साथ संबंध बनाने के बाद किसी दूसरी युवती से करने जा रहा था विवाह

### लापता बालक को पुलिस ने मिलाया परिवार से

**कोरबा।** कटघोरा बस स्टैंड में एक लगभग 7 वर्षीय लक्की नाम का बच्चा मिला जो अपने माता-पिता का नाम-पता नहीं बता पा रहा था। कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी के निर्देश पर थाना कर्मचारियों ने शहर में लगातार उसके परिजनों का पता लगाया, किन्तु कुछ पता नहीं चला। इसके पश्चात बच्चे को चाइल्ड सेंटर सुरक्षित रखने हेतु भेजा गया।

# 6 लोगों से 66 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आबकारी विभाग की टीम को मुखबीर से सूचना मिली थी कि धवईंपुर और ग्राम पोड़ी में अवैध महुआ शराब की बिक्री की जा रही है। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम नकली खरीदार बनकर महुआ शराब की खरीदी के बहाने दबिश देकर दोनों जगहों से 66 लीटर महुआ शराब व 6 सौ किलो महुआ लाहान जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबाकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बक्शी के मार्गदर्शन में शनिवार को वार्ड क्रमांक 10 धवईंपुर थाना कटघोरा में नकली खरीदार बनकर महुआ शराब की खरीदारी कर पुष्टि के बाद चमार राय, फूलसिंह धनुहार, दिलहरण और सीमाबाई इसी तरह नकली खरीदार के माध्यम से महुआ शराब की खरीदारी कर पुष्टि पश्चात ग्राम पोड़ी निवासी रामचरण और नीराबाई से कुल 66 लीटर महुआ शराब एवं 600 किलो महुआ लाहान बरामद की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क,ख,च) 34 (2) 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर लेकर जेल दाखिल कर दिया गया है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल, आबकारी उपनिरीक्षक आशीष उप्पल, सुकांत पांडेय, श्रीमती दीपमाला नागदेव, नारायण कंवर, मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, राजीव जायसवाल, संजय गुप्ता आबकारी आरक्षक दशराम सिदार, सिमोन मिंज़, सुरेश यादव, शिवकुमार वैष्णव, शरीफ खान, हेमप्रकाश डनसेना, नगर सैनिक प्रजेश सिंह, राजेश दुबे, कुंदन चंद्रा एवं अंबिका, दीपिका का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## विद्युत कंपनी के गारेपलमा कोल ब्लॉक से नहीं हो रही पर्याप्त कोयले की आपूर्ति

# मड़वा संयंत्र में 40 फीसदी अधिक दर पर खरीदना पड़ रहा कोयला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कंपनी के गारेपलमा स्थित कोयला खदान से पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं हो पाने की वजह से मड़वा संयंत्र प्रबंधन को लिकेंज के निर्धारित दर से 40 प्रतिशत अधिक दर पर एसईसीएल से कोयला खरीदना पड़ रहा है। जिसकी वजह से विद्युत कंपनी को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1000 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले मड़वा ताप विद्युत संयंत्र में विद्युत कंपनी के रायगढ़ जिले में स्थित गारेपलमा कोयला खदान से कोयले की आपूर्ति की जाती है। पिछले कुछ दिनों से विद्युत कंपनी के गारेपलमा कोल ब्लॉक से कोयले के उत्पादन में गिरावट देखने को मिल रही है जिसकी वजह से मड़वा संयंत्र में पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। यहां बताना होगा कि विद्युत कंपनी के गारेपाल्मा कोल ब्लॉक में कोयला उत्खनन व मड़वा संयंत्र तक कोल परिवहन की जिम्मेदारी आडानी कंपनी को दी गई है।

**खास बात**

- दो हजार मीट्रिक टन के दर से 40 फीसदी अधिक देनी पड़ रही राशि



मड़वा संयंत्र में पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं होने से संयंत्र प्रबंधन द्वारा एसईसीएल प्रबंधन से कोयला आपूर्ति की मांग की गई। जिसपर एसईसीएल प्रबंधन ने बिना अनुबंध के लिकेंज के दर पर कोयला आपूर्ति नहीं करने की बात कही थी। विद्युत कंपनी के अन्य संयंत्रों में अनुबंध के मुताबिक एसईसीएल द्वारा निर्धारित लिकेंज के दर पर कोयले की आपूर्ति की जाती है।

एसईसीएल प्रबंधन द्वारा निर्धारित दर पर कोयला आपूर्ति नहीं किए जाने पर आखिरकार विद्युत कंपनी प्रबंधन ने एसईसीएल को अधिक दर पर कोयला खरीदने की पेशकश की। जिसके बाद अब एसईसीएल से निर्धारित दर से 40 प्रतिशत अधिक दर पर कोयला खरीदा जा रहा है। सूत्रों की मानें तो एचटीपीपी संयंत्र में एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन द्वारा 2 हजार पर मिट्रिक टन के हिसाब से कोयले की आपूर्ति की जाती है। वहीं मड़वा संयंत्र के लिए निर्धारित दर से 40 प्रतिशत अधिक दर पर कोयला खरीदना पड़ रहा है। अधिक दर पर कोयला खरीदी करने से उत्पादन कंपनी को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

### दहेज, ससुराल वालों पर अपराध दर्ज

**कोरबा।** विवाह के बाद पांच लाख नगद व कार नहीं देने पर पति, सास समेत तीन लोगों के विरूद्ध प्रताड़ित किए जाने का आरोप विवाहिता ने लगाया है। मामले को पुलिस ने विवेचना में लिया है। पोड़ी बहार निवासी विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह चार दिसंबर 2022 को सामाजिक रीति रिवाज से बुधवारी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों के बाद दहेज के नाम पर सास, पति व देवर द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उसने आरोप लगाया कि सास उसे लगातार परेशान करती थी और जब इसकी जानकारी पति को दी, तब पति भी अपनी मां का पक्ष लेते हुए उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करता। साथ ही शादी के दौरान दहेज में पांच लाख रुपए या फिर कार नहीं देने की बात कहते हुए प्रताडित करते।

## खबर संक्षेप



### एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा 1992 विद्यार्थी हुए शामिल

**सूरजपुर।** जिले में संचालित 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु कुल 240 सीटों की पूर्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त किया गया। शनिवार को जिले के 9 परीक्षा केन्द्रों में सुबह 10 से 12 तक राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें कुल 1992 विद्यार्थी शामिल हुए। एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा का सफल आयोजन एवं निगरानी हेतु कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में तहसीलदार एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को प्रभारी नियुक्त किया गया था। चयन परीक्षा का निरीक्षण आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों द्वारा भी किया गया।

### पेंशनर समाज के पदाधिकारियों ने वृद्धाश्रम में किया फल वितरण



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के पदाधिकारी व सदस्यों ने आज वृद्धाश्रम में वृद्धजन को फल वितरित किया। साथ ही जिन वृद्धजन को शासन द्वारा मिलने वाले वृद्धा पेंशन नहीं मिलता है उन्हें दिलाए जाने का प्रयास करने की बात कही। साथ ही उन्हें आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। कुछ वृद्धजन को कानों से सुनाई नहीं दे रहा था तो उन्हें शासन द्वारा मिलने वाले श्रवण मशीन हेतु चिकित्सालय से संपर्क कर मशीन दिलाने हेतु आश्वासन दिया गया। इस दौरान पेंशनर समाज के अध्यक्ष हरिशंकर सिंह, उपाध्यक्ष जय प्रकाश चौबे, संभागीय अध्यक्ष शशि भूषण कुशवाहा, सलाहकार उमेश चन्द्र सिंह, हनुमान सिंह,जेपी पांडेय, सीएल दूवे, अशोक सिन्हा , रवि भूषण गुप्ता, संतोष सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

### कवि सुरजीत पातर, प्रो.चौथीराम यादव एवं अतुल अंजान को दी गई श्रद्धांजलि



**अम्बिकापुर।** प्रगतिशील लेखक संघ ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर कवि सुरजीत पातर, प्रो. चौथी राम यादव और अतुल अंजान को श्रद्धांजलि दी। सुरजीत पातर के निधन को साहित्य का बड़ा नुकसान बताते हुए जितेंद्र सोढ़ी ने कहा कि पंजाबी भाषा के सबसे महत्वपूर्ण कवियों में शामिल सुरजीत पातर को सिर्फ पजाबी कवि कहना उचित नहीं है। वे जन कवि और पंजाबी भाषा के पाठकों में बहुत लोकप्रिय थे। राजेश मिश्र ने कहा कि प्रो .चौथीराम यादव हजारी प्रसाद के शिष्य परंपरा में आते हैं। वे स्पष्ट वक्ता थे उनके विचार जनपक्षधर होते थे और अंतिम समय तक सक्रिय रहे। उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ के बिलासपुर में संपन्न हुए राज्य अधिवेशन में सक्रिय भागीदारी की उनके वक्तव्य को आज भी याद उनकी आलोचना पर अनेक पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। उन्हें बिहार राष्ट्रभाषा परिषद के साहित्य साधना सम्मान, अस्मिता सम्मान, कबीर सम्मान, अंबेडकर प्रियदर्शी सम्मान और लोहिया साहित्य सम्मान आदि से सम्मानित किया गया था। वेद प्रकाश अग्रवाल ने अतुल अनजान के आकस्मिक निधन पर दुख जताते हुए कहा कि हमने मेहनतकशों की एक प्रखर आवाज को खोया है। अतुल अंजान ने अपने राजनीतिक सफर के दौरान चार साल नौ महीने जेल में भी बिताए। प्रलेस अध्यक्ष डॉ. मृदुला सिंह ने कहा कि हमने एक जुझारू साथी खोया है। मृदुला सिंह ने कहानीकार मालती जोशी के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि वे किसी संगठन से जुड़ी हुई नहीं थी किंतु उनकी सादगीपूर्ण जीवन शैली ,सहजता और आत्मीयता से सबको अपना बना लेती थी।

## निधन

### रविचंद्र सोनी



**सीतापुर।** नगर के सुभाष चंद्र बोस वार्ड क्रमांक 14 निवासी रविचंद्र सोनी उर्फ गप्पू का 58 साल की उम्र में निधन हो गया। वे विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को मांड नदी के तट पर किया जाएगा।

## कई गांव में हो रही पेयजल की दिक्कत

# उदयपुर के 59 ग्राम पंचायतों में जल-जीवन मिशन योजना फेल, लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

**खास बात**

- दो साल बाद भी ग्राम पंचायतों में अधूरा है काम, मार्च 2024 तक कार्य पूर्ण करने का है लक्ष्य

लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके इसके लिए केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन का विस्तार कर घरो में नल कनेक्शन लगाए जा रहे है। हैरानी की बात यह है कि उदयपुर क्षेत्र में भी दो साल पूर्व ही कार्य प्रारंभ किया गया परंतु आज तक नल कनेक्शन लगाने का काम पूरा नहीं हो सका। ऐसे में ठेकेदार की लापरवाही व अधिकारियों की उदासीनता रवैया का खामियाजा ग्रामीणों न सिर्फ भुगतना पड़ रहा है बल्कि जल जीवन मिशन से वंचित है।

विकास खंड उदयपुर के 59 ग्राम पंचायतों में अब तक जल जीवन मिशन योजना के तहत सभी घर को पानी पहुचाना था लेकिन विभागीय अधिकारियों के लापरवाही के कारण आज तक इस योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल सक। कई ग्राम पंचायतों में अभी तक काम शुरू नहीं हो सका और सिर्फ कागजी खाना पूर्ती के लिए थोड़ा बहुत काम करके छोड़ दिया गया है। परसा, गुमगा ,डाँड़गांव, बकोई, साल्ही बासेन ,रिखी चकेरी, सहित दर्जनों पंचायतों में पेयजल की किल्लत बनी हुई है। जबकि बासेन में एक साल से पानी टंकी का पीलिंथ बना कर का अधूरा ही छोड़ दिया गया है। क्षेत्र के लोगों के घरों में नल कनेक्शन दिया गया है परंतु पानी सप्लाई नहीं होने नल सिर्फ घर की शोभा बढ़ा रही है। फत्तेहपुर स्थित पानी टंकी का मोटर खराब होने के कारण पानी सप्लाई बंद है। इधर ग्राम पंचायत पेडरखी ,पहाड़ कोरजा सहित ब्लाक के अन्य चायतों में पाईप लाईन घटिया होने के कारण पाईप जगह जगह लीकेज हो रहा है। पाइस से पानी लिकेज होने की शिकायत ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से की है परंतु अधिकारियों के उदासीनता रवैया के कारण मरम्मत करने किसी प्रकार पहल नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि ब्लाक के किसी भी पंचायत में सुचारू रूप में योजना के तहत पानी का सप्लाई नहीं हो रही है। ऐसे में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2023 तक हर घर को पानी पहुंचाने का सपना अधूरा नजर आ रहा है। योजना के तहत ब्लाक में 50 से भी अधिक ग्राम पंचायतों में काम लंबे समय से शुरू किया गया है लेकिन अधिकारियों के निष्क्रियता एवं ठेकेदारों के लापरवाही के कारण कछुआ गति से काम चल रहा है। इसके अलावा घाटबर्रा ग्राम पंचायत में भी लगभग एक वर्ष से काम शुरू हुआ है लेकिन धीमे गति से काम होने से आज भी अधूरा है। ग्राम पंचायत फुलचुही में भी विगत एक साल से पानी टंकी एवं पाइप बिछाने का काम चल रहा है जिससे योजना से वंचित ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। पीएचई विभाग लोगा से जुड़ा महत्वपूर्ण विभाग है लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन हुए 22 साल बीत गए लेकिन आज भी विभाग का काम पुराने ढर्रे से अम्बिकापुर से ही संचालित है और उदयपुर ब्लाक में सब डिवीजन नहीं बना है। विभाग के बड़े अधिकारी अम्बिकापुर में बैठते हैं जबकि विकासखंड़ सब इंजीनियरिंग के भरोसे चलता है।



ग्राम बासेन में साल भर से बंद पानी टंकी निर्माझा कार्य।



ग्रामीण के घर लगाए गए नल कनेक्शन।

### गुणवत्ता का नहीं दे रहे ध्यान

जिन ग्राम पंचायतों काम चल रहा है वहां गुणवत्ता को दरकिनार कर घटिया निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों के घर पानी सप्लाई के लिए नल कनेक्शन दिया गया है और सीमेंट का प्लेटफार्म बनाया गया है वह बिना पानी पहुंचे ही टूटने लगी है। ऐसे में किस तरह से गुणवत्ता को ध्यान में रखकर निर्माण कराया गया है यह आसानी से समझा जा सकता है।

#### गहराने लगा पेयजल संकट

सावन माह में बारिश नहीं होने तथा गर्मी जैसा मौसम होने के कारण अब क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने लगा है। विकास खंड के गुमगा,डांड़गांव ग्राम पंचायत ऐसा है कि जहां फ्लोराइड युक्त पानी निकलता है जिस कारण पीएचई विभाग लंबे समय से कोई बोर नहीं खोदवा रहा है। ऐसे में लोगों को पेयजल के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। इधर जल जीवन मिशन योजना के कछुए गति से काम होने तथा पानी की परेशानी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ब्लाक मुख्यालय में नहीं है ऑफिस

#### कार्य प्रगति पर है

निर्माण कार्य प्रगति पर है लेकिन अभी तक कोई भी कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने का लक्ष्य हैं। समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।

-मुकेश गुप्ता
एसडीओ पीएचई विभाग उदयपुर

# हत्या के मामले में केन्द्रीय जेल में बंद विचाराधीन बंदी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हत्या के मामले में केंद्रीय जेल में बंद विचाराधीन बंदी की तबीयत खराब हो जाने से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। विचाराधीन बंदी ने 12 नवम्बर की रात गांव के ही एक युवक को टांगी से वार कर मौत के घाट उतार दिया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम झरगंवा ऊपरपारा निवासी सोहन मंझवार आ. गोकुल मंझवार (30 वर्ष) 12 नवंबर 2021 की रात झरगवां गितकालो निवासी संजय पैकर को पकड़ भाभी सहोदरी के घर लेकर आया और शराब की मांग की। साथ ही भाभी सहोदरी से संजय पैकरा को घर बुलाने की बात को लेकर दोनों को जान से मारने की धमकी देने लगा। इस दौरान सोहन ने घर में रखे टांगी से संजय पैकरा पर जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतार दिया और भाभी सहोदरी पर भी वार किया परंतु भाभी ने भागकर अपनी जान बचाई। इस बीच सोहन मंझवार संजय पैकरा की लाश को गांव के चमरी पैकरा के खेत में फेंक फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट भाभी सहोदरी पति स्व. बुधन मंझवार (35 वर्ष) ने थाने में दर्ज कराई। सहोदरी ने पुलिस को बताया कि उसके पति के छह महीने पूर्व मौत हो गई। इस बीच संजय पैकरा जिसे देवर मानती थी उसके घर आना जाना करता था। जिसे देख देवर सोहन पैकरा एतराज करता था। इसी बात को लेकर सोहन पैकरा ने संजय व व उसके साथ मारपीट किया। मारपीट से संजय पैकरा की मौत हो गई जबकि वह भागकर जान बचाई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 302, 307 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी सोहन पैकरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से केंद्रीय जेल भेज दिया गया। गत दिन विचाराधीन बंदी सोहन मंझवार की अचानक तबीयत खराब हो जाने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आज पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## नकाबपोश आरोपी ने युवक पर किया जानलेवा हमला, बलवा का मामला दर्ज

**अम्बिकापुर।** नमदगिरी छठ घाट में फ्रेश होने गए युवक को नकाबपोश युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से घायल हुए युवक ने उपचार कराने के पश्चात घटना की रिपोर्ट सूरजपुर थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध बलवा का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 माईनस कॉलोनी निवासी राहुल यादव आ. राजेश यादव (27 वर्ष) 2 मई को दोस्त शहबाज, मुकुल एवं प्रदीप यादव के साथ सूरजपुर न्यायालय गया था। इसी बीच युवक फ्रेश होने नमदगिरी छठ गया तभी सूरजपुर के वीर मित्तल सहित लगभग 7-8 लोग मुंह बांधे पहुंचे और बेस बल्ला, पन्च और लोहे के राड से मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं युवक का सोने का अंगुठी व 46 हजार रूपए वहीं गिर गए। घटना की जानकारी लगने पर दोस्तों ने बीच बचाव किया तथा घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। युवक ने अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात गत दिन घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 147, 148, 149, 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# सार्वजनिक जगहों को सौर ऊर्जा से रौशन करने के लिए हुए लाखों खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- विभागीय उदासीनता के कारण ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा योजना का लाभ
- सूरजपुर विकासखंड के जयनगर साप्ताहिक बाज़ार स्थित महीनों से पोल लगाने का काम अब भी लम्बित
- सम्बंधित अधिकारी बजट कम होने का हवाला दे रहे




सार्वजनिक स्थानों पर सौर ऊर्जा की विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने हेतु राज्य शासन ने कई लाख रुपए खर्च किए लेकिन इसकी प्रक्रिया केवल कागजों में ही पूर्ण होती नजर आ रही है।प्राप्त जानकारी अनुसार संबंधित विभाग को लगाए गए लाइट के स्थल व उनके आँकड़ों की जानकारी नहीं है।गौरतलब है कि विकासखंड सुरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत जयनगर में जनवरी महीने में शासन के मंशानुरूप साप्ताहिक बाजार, हायर सेकेण्डरी स्कूल समीप व ग्राम पंचायत कार्यालय के पास सौर ऊर्जा की लाइट सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु कई लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी।इस पर संबंधित ठेकेदार द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल समीप व ग्राम पंचायत कार्यालय प्रांगण में सौर ऊर्जा की लाइट हेतु पोल खड़े करके विद्युत व्यवस्था प्रारम्भ कराई गई है ,लेकिन साप्ताहिक बाजार के पास रखे गए सौर ऊर्जा पोल को ठेकेदार द्वारा कई महीने बीतने बाद भी अब तक व्यवस्थित करके विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं कराई जा सकी है। अब मामले में विभागीय अधिकारी द्वारा उक्त व्यवस्था कब और कैसे, किसके माध्यम से कार्य कराया गया है इसकी भी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में जिले में क्रेडा विभाग द्वारा कार्य को मात्र कागजों में पूर्ण कराकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ ले रहे हैं। यह पोल कब व्यवस्थित कराकर लोगों को रोशनी उपलब्ध करा सकेंगे यह फिलहाल विभाग द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सका है। बताया गया कि सौर ऊर्जा लाइट की व्यवस्था हेतु राज्य शासन द्वारा करीब चार लाख पैंतीस हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी जाती है, जिसमें पांच वर्ष का मेंटेनेन्स भी इसमें शामिल होता है।

# हाइब्रिड का प्रचलन बढ़ा तो ढेलखीरा से किसानों का मोह भंग



**रामानुजगंज।** ताजा एवं हरा दिखने वाली हाइब्रिड सब्जी का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। एक ओर हाइब्रिड सब्जी में कीटनाशक के उपयोग से कई प्रकार की बीमारियां हो रही है वही बिना खाद बीज के उत्पन्न होने वाली परंपरागत सब्जियां अब धीरे-धीरे गायब होते जारी है। उसी में एक है ढेलखीरा है जो हाइब्रिड खीरा से काफी स्वादिष्ट एवं सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। लोग सिर्फ हाइब्रिड खीरा की ओर भाग रहे हैं। वही परंपरागत खीरा जो बिना खाद कीटनाशक के उत्पन्न होता है उसे खरीदने में रुचि भी नहीं ले रहे हैं। आने वाले समय में सेहत के लिए फायदेमंद ढेलखीरा गायब न हो जाए। स्थानीय भाषा में खीरा के इस प्रजाति को ढेलखीरा कहा जाता है। पहले यही खीरा लोग खाना पसंद करते थे। लेकिन कुछ वर्षों में तेजी से हाइब्रिड का प्रचलन बढ़ा तो ढेलखीरा लगभग समाप्ति की ओर नजर आ रहा है। इक्का दुक्का किसान ही इसका उत्पादन कर रहे हैं। यह खीरा हाइब्रिड खीरा से काफी पौष्टिक माना जाता है। इस खीरे में पानी की अच्छी मात्रा पाई जाती है वही शरीर में पानी को कमी को दूर करने का काम करता है। खीरे में विटामिन सी, विटामिन के कॉपर मैग्नीशियम पोटेशियम, मैंगनीज जैसे आवश्यक पोषक तत्व होते हैं। जो त्वचा और बालों के लिए बहुत फायदेमंद है। ग्राम नगरा के शिवरतन इसका उत्पादन विगत कई वर्षों से कर रहे हैं वही एक इकलौते छोटे सब्जी विक्रेता है जो रामानुजगंज बाजार में ढेलखीरा लेकर आते हैं। ढेरखीरा मौसम के अनुकूल सब्जी है जो गर्मी के मौसम में ही होता है और इसका उत्पादन अधिक तब होता है जब बहुत अधिक तेज धूप पड़े यहां तक की इस पानी की भी आवश्यकता नहीं होती है पथरीले स्थान पर यह तेजी से फैलता है।

### युवक से मारपीट कर लूट लिए चांदी का चेन व नकदी

अम्बिकापुर। शहर में चोरी के बाद अब लूटपाट की घटनाएं बढ़ गई है। गत दिन बुआ से मिलने गए युवक को दो लोगों ने न सिर्फ रास्ता रोका बल्कि युवक के गले में पहने चांदी का चैन व नगद रुपए लूट कर फरार हो गए। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट व लूट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर हाई स्कूल समीप निवासी विनय शर्मा आ. बंटी शर्मा गत दिन अपने दोस्त प्रिंस बहादुर के साथ बौरीपारा महादेव गली निवासी बुआ से मिलने गया था। शाम लगभग 6.30 बजे बुआ से मिलकर दोस्त के साथ बाइक से घर जा रहा था तभी महादेव गली में दो लोगों ने रास्ता रोक पहले बाइक की चाभी निकाल ली फिर विनय के गले में पहने चांदी के चैन का लूट के साथ उसके पास रखे नगद 3 हजार रुपए लूट लिया। जिसे देख प्रिंस बहादुर ने विरोध किया तो दोनों लोगों ने प्रिंस व विनय के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों मौके पर पहुंचे तो दो लोग मौके से फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पीड़ित युवक विनय ने कोतवाली में दर्ज कराई।

### पीएम श्री स्कूल बुड़ार में समर कैंप का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** केन्द्र शासन को महत्वाकांक्षी योजना के तहत कोरिया जिले में चयनित पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला बुड़ार में जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता एवं बीआरसी बैकुंठपुर नीलेश शुक्ला के दिशा -निर्देशानुसार समर कैंप का आयोजन किया गया।


























